WA-7337

WA-7337

M. Com. (Sem. IV) Examination, June-2024

Accountancy & Business Statistics

Paper - XIV

4.2 Corporate Taxation, Planning & Management

Time Allowed : **Three Hours**

Maximum Marks : **100**

This question paper contains three sections as under :

Section-A **खण्ड—अ** ***Max. Marks-10***

This section contains one compulsory question with 10 parts. Answer of each part should not exceed 20 words. All questions carry equal marks.

इस खण्ड में एक अनिवार्य प्रश्न है जिसमें 10 भाग हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर 20 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Section-B **खण्ड—ब** ***Max. Marks-50***

This section contains 10 questions. Attempt 5 questions in all, selecting one question from each unit. Answer of each question should not exceed 250 words. All questions carry equal marks.

इस खण्ड में 10 प्रश्न है। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुये कुल 05 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Section-C **खण्ड—स** ***Max. Marks-40***

This section contains 04 questions (questions may have sub-divisions). This section will cover all units but not more than one question from each unit. Attempt 2 questions in all. Answer of each question should not exceed 500 words. All questions carry equal marks.

इस खण्ड में 04 प्रश्न हैं, प्रश्न के भाग हो सकते है। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न होगा। कुल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

SECTION - A

खण्ड – अ

1 (i) What do you mean by Domestic company?

एक घरेलू कम्पनी से आप क्या समझते हैं?

(ii) What is Marginal Relief in case of a company?

कम्पनी की दशा में सीमांत राहत क्या है?

(iii) Explain the meaning of Representative assessee.

प्रतिनिधित्व करदाता का आशय समझाइये।

(iv) What do you mean by co-operative society?

सहकारी समिति से क्या तात्पर्य है?

(v) What is Tax-Avoidance?

कर बचाव क्या है?

(vi) What do you mean by Tax Holiday?

कर अवकाश से आप क्या समझते हैं?

(vii) Write names of any two expenses which are expressly allowed in the computation of taxable profits of business.

किन्हीं दो ऐसे व्ययों के नाम लिखिये जो व्यवसाय के करयोग्य लाभों की गणना करते समय स्पष्टतया स्वीकृत किये जाते हैं।

(viii) What is a long term capital asset?

दीर्घकालीन पूँजी सम्पति किसे कहते हैं?

(ix) What do you mean by unexplained expenditure?

'न स्पष्ट किये गये व्यय' से आप क्या समझते हैं?

(x) Write names of any four Income Tax Authorities.

किन्हीं चार आयकर पदाधिकारियों के नाम लिखिये।

https://www.uokonline.com

SECTION - B

खण्ड – ब

UNIT - I

इकाई – I

2 Discuss in brief the main deductions admissible to a joint stock company while computing its total income.

एक संयुक्त पूँजी वाली कम्पनी की कुल आय की गणना करते समय दीजाने वाली कटौतियों को संक्षेप में समझाइये।

OR/अथवा

The Z Ltd.'s gross total income for the previous year ending 31st March, 2023 has been determined as follows :

31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले गत वर्ष के लिए जेड़ लिमिटेड कम्पनी की सकल कुल आय की गणना निम्न प्रकार की गई है :

	₹
Interest on Govt. Securities	2,000
Profits from Business	12,00,000
Dividend (Gross) from an Indian company	2,000
Dividend from a foreign company	6,000

Find out total income and tax payable, if the company is a domestic company in which the public are not substantially interested. Assume that the total turnover of the company during the previous year 2022-23 was ₹ 40 crores.

यदि कम्पनी घरेलू कम्पनी हो, परन्तु उसमें जनता का सारवान हित न हो, तो कुल आय एवं देय कर की गणना कीजिये। यह मानिए कि कम्पनी की गत वर्ष 2022-23 में कुल आवर्त (टर्नओवर) ₹ 40 करोड़ था।

https://www.uokonline.com

UNIT - II

इकाई – II

3 D.A.V. College Co-operative Society Ltd. Ajmer had the following incomes during the year ended 31st March, 2023 :

डी. ए. वी. कॉलेज सहकारी समिति लि. अजमेर की 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान निम्न आय थी:

	₹
(1) Income from college canteen	30,000
(2) Income from the general merchandise Business	40,000
(3) Income from credit facilities given to members	15,000
(4) Interest received on securities listed at stock exchange.....	10,800
(5) Taxable income from House Property	6,000
(6) Dividend (Gross) on shares held in other co-operative society.....	8,000

Determine the total income of the Society and tax payable by the Society for the Assessment Year 2023-24.

कर निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए समिति की कुल आय एवं उसके द्वारा देय कर की गणना कीजिए।

OR/अथवा

What is the liability of an agent in relation to his non-resident principal? Who may be regarded as an agent.

एक अनिवासी करदाता के प्रति उसके एजेन्ट का क्या दायित्व है ? एजेन्ट किसे माना जा सकता है ?

UNIT - III

इकाई – III

4 "Tax planning is a legal and moral way of tax saving". Discuss this statement and describe its importance.

''कर नियोजन कर बचाने का एक वैधानिक एवं नैतिक तरीका है।'' इस कथन की विवेचना कीजिये एवं इसके महत्व का वर्णन कीजिये।

OR/अथवा

https://www.uokonline.com

Write a note on 'Tax Holidays' and 'other reliefs' and 'rebate' for industry.

'कर अवकाश' और 'अन्य राहत' और उद्योग के लिए 'छूट' पर एक नोट लिखिए।

UNIT - IV

इकाई – IV

5 Discuss the important provisions of income from business and profession related to allowed and disallowed expenses.

व्यापार एवं पेशे की आय में से प्रमुख स्वीकृत एवं अस्वीकृत व्ययों के प्रावधान बताइये।

OR/अथवा

Discuss the recognised methods of tax planning under capital gains.

पूँजी लाभ के सम्बन्ध में कर नियोजन के प्रमाणित तरीकों का विवेचन कीजिए।

UNIT - V

इकाई – V

6 What is meant by 'undisclosed income'? Explain such incomes with illustrations.

'अघोषित आय' से क्या आशय है ? ऐसी आयों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीझिए।

OR/अथवा

Explain the legal provisions and procedures related to search, seizure and survey under Income Tax Act.

आयकर अधिनियम के अन्तर्गत तलाशी, जब्ती एवं सर्वेक्षण पर कानूनी प्रावधानों और प्रक्रियाओं को समझाइये।

SECTION - C

खण्ड – स

7 The profit and Loss Account of Golden Ltd. for the year ended 31st March, 2023 showed a net Profit of ₹ 2,60,000.

(a) The profit and loss account included in debit side the following :

(i) ₹ 25,000 interest paid on money borrowed for extending the company's factory premises, the expansion was however still in progress.

(ii) The depreciation provided in the books ₹ 90,000, however the amount computed under Income Tax Act ₹ 1,50,000.

(iii) ₹ 25,000 was paid to the company's lawyer for arguing appeals of the company before the tribunal against levy of penalty for some earlier cases which appeals have been dismissed by the tribunal.

(iv) ₹ 5,000 paid for late payment of professional tax as penal interest.

(v) ₹ 800 being fine imposed by the municipality for violating their regulations.

https://www.uokonline.com

(vi) Reserve for bad debts ₹ 16,000.

(vii) ₹ 10,000 being expenditure incurred on notified agricultural extension project u/s 35ccc.

(b) The credit side of the profit and loss account included : Dividend from

(i) Dividend (Gross) from company's foreign subsidiary in Japan ₹ 15,000

(ii) Unit Trust of India on units 64 ₹ 25,000.

(c) It is also observed that both the opening stock of ₹ 95,000 and closing stock of ₹ 1,33,000 are under valued by 5% on cost.

Compute the total income of the company for the Assessment Year 2023-24.

31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये गोल्डन लिमिटेड कम्पनी के लाभ हानि खाते ने ₹ 2,60,000 का लाभ प्रदर्शित किया।

(a) लाभ हानि खाते के नाम पक्ष में निम्न राशियां शामिल है :

(i) कम्पनी के कारखाना परिसर के विस्तार हेतु लिये गये ऋण पर ₹ 25,000 ब्याज के चुकाये गये। विस्तार कार्य अभी चालू है।

(ii) पुस्तकों में ₹ 90,000 का ह्रास लिखा गया, जबकि आयकर अधिनियम के तहत ₹ 1,50,000 की गणना की गयी।

(iii) जुर्माना लगाने के विरुद्ध कम्पनी द्वारा ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत की गयी अपील में बहस करने के लिये वकील को ₹ 25,000 दिये। यह राशि उन मुकदमों के लिए दी गयी जो पूर्व में ट्रिब्यूनल द्वारा खारीज कर दिये गये थे।

(iv) पेशा कर के विलम्ब से भुगतान करने के कारण ₹ 5,000 दण्ड के रूप में ब्याज के दिये गये।

(v) नगरपालिका के नियमों का उल्लंघन करने के लिये उसके द्वारा लगाये गये जुर्माना के ₹ 800 दिये।

(vi) ₹ 16,000 डूबत ऋण संचय के लिये।

(vii) धारा 35 CCC के तहत अधिसूचित कृषि विस्तार परियोजना पर व्यय की गई ₹ 10,000 की राशि।

(b) लाभ हानि खाते के जमा पक्ष में शामिल हैं – लाभांश (सकल)

(i) कम्पनी की एक सहायक कम्पनी जो जापान में है, से ₹ 15,000

(ii) यूनिट ट्रस्ट आफ इन्डिया के यूनिट 64 के सम्बन्ध में ₹ 25,000.

(c) यह पाया गया कि प्रारम्भिक रहतिये का ₹ 95,000 पर एवं अन्तिम रहतिये का ₹ 1,33,000 पर किया गया मूल्यांकन लागत से 5% कम पर किया गया है।

कर निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए सम्पनी की कुल आय की गणना कीजिए।

8 State the income of co-operative society which are included in gross total income but a deduction is granted under section 80-P.

सहकारी समिति की उन आयों का उल्लेख कीजिए जो सकल कुल आय में सम्मिलित की जाती हैं परन्तु जिनके सम्बन्ध में धारा 80-P के अन्तर्गत कटौती दी जाती है।

9 Is Tax Evasion, Tax Avoidance and Tax Planning are same ? If in your opinion these are different terms, how do these differ? Explain and give examples.

क्या कर की चोरी, कर को टालना तथा कर नियोजन एक ही हैं ? यदि आपके विचार से ये तीनो अलग अलग है, तो इनमे क्या अन्तर हैं ? समझाइये तथा उदाहरण भी दीजिए।

10 Discuss the provisions relating to tax planning effective in the decision making regarding owning or leasing an asset.

एक सम्पति को क्रय करने अथवा लीज पर लेने के निर्णय को प्रभावित करनेवाले कर नियोजन सम्बन्धी प्रावधानों का विवेचन कीजिये।
